**Need to include certain castes of eastern Uttar Pradesh in the list of scheduled castes-laid**

श्री छोटेलाल **(**राबर्ट्सगंज**) :** उत्तर प्रदेश पूर्वांचल में कोल, मुसहर, चेरो, अगरिया, पनिका, कमकर-कहार, मांझी, कोहार, धुनिया, नुनिया (चौहान), सुपर बाल्मीकि, नाई, पाल, बिंद, मल्लाह, निषाद, केवट, कोटि, माली विश्वकर्मा, धागर, धनगर, चौरसिया, खरवार, राजभर इत्यादि छोटी-छोटी जनसंख्या वाली जातियों को अनुसूचित जनजाति में डाल देना चाहिए और जाति गणना कराकर व आर्थिक गणना कराकर इन सभी जातियों का उत्थान करना चाहिए । विशेष बालू, मछली पालन, ठेकेदारी इत्यादि में आरक्षण देकर इनका विकास करना चाहिए । इन सभी जातियों को 5% जनप्रतिनिधित्व में आरक्षण दिया जाए एवं नौकरी में 10% आरक्षण दिया जाए तथा इस आरक्षण को 9 वी अनुसूची में शामिल कर देना चाहिए । सरकार के इस कदम से उपरोक्त सभी जातियों को लाभ मिलेगा एवं उनका सामाजिक-आर्थिक विकास होगा । इसे उत्तर प्रदेश के हमारे संसदीय क्षेत्र रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र में एवं पूरे पूर्वांचल सहित पूरे देश में लागू करना चाहिए ।